Sanmarg

Emami Foundation

Date: 11/02/2016 | Edition: Kolkata | Page: 6 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 9 H: 16

India Media Monitor

Clip: 1 of 1



इमामी फाउंडेशन की ओर से आयोजित 7वें संस्करण के पुस्तक वितरण समारोह में मौजूद आर. एस. गोयनका, ब्रह्मचारी मुराल भाई, आर. के. अग्रवाल व सोमा बंद्योपाध्याय

छात्रों के बीच किताबें और सर्टिफिकेट वितरित

कोलकाता : इमामी फाउंडेशन द्वारा सीएसआर प्रोग्राम के तहत विभिन्न जिलों के छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही कलकत्ता विश्वविद्यालय के बी. टेक के कई छात्रों को 'पढ़ो इंडिया पढ़ो' पहल के तहत छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। इतना ही नहीं इमामी द्वारा संचालित 'बढ़ते कदम' कार्यक्रम में विभिन्न विशेष वोकेशनल प्रशिक्षण कोर्स के तहत सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आद्यापीठ के दक्षिणेश्वर संघ के महासचिव ब्रह्मचारी मुराल भाई, कलकत्ता विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार सोमा बंद्योपाध्याय, इमामी समूह के आर. एस. गोयनका, आर. के. अग्रवाल, एस. के. गोयनका, राजकुमार गोयनका, एन. एच. भंसाली, पी. एस. पटवारी समेत अन्य गण्यमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ एस. के. गोयनका के स्वागत भाषण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी मुराल भाई ने स्वामी विवेकानंद और पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की दी गई सीख को अपनाने और समाज के विकास के लिए काम करने की बात कही। वहीं सोमा बंद्योपाध्याय ने इमामी समूह द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कामों की सराहना की। इस दौरान कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के बीच किताबों का वितरण किया गया।